पत्रांक-भवन/भू-सम्पदा-09-कार्यालय(विकास भवन)-06/2021............................../

# बिहार सरकार
# भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

शिव रंजन,
उप सचिव–सह–भू–सम्पदा पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांकः–

विषयः– सचिवालय से संबद्ध भवनों यथा विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन, मुख्य सचिवालय एवं अन्य भवनों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु आहूत बैठक में भाग लेने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सचिवालय से सम्बद्ध भवनों यथा विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन, मुख्य सचिवालय एवं अन्य भवनों में अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने के संबध में प्रभावी कार्रवाई करने के बिन्दु पर विचारण हेतु **दिनांक–24.11.2023 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे** विश्वेश्वरैया भवन के छठे तल पर स्थित सभागार कक्ष में बैठक आहूत की गई है।

अतः अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में ससमय भाग लेने हेतु अग्नि सुरक्षा से संबंधित नामित अपने विभाग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

**ह0/–**

उप सचिव–सह–भू–सम्पदा पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–भवन/भू-सम्पदा-09-कार्यालय(विकास भवन)-06/2021 पटना, दिनांकः–

**प्रतिलिपिः**–श्रीमती शोभा ओहटकर, महानिदेशक–सह–महासमादेष्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएँ, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि उक्त निर्धारित बैठक में अग्नि सुरक्षा से संबंधित किसी सक्षम पदाधिकारी को ससमय भाग लेने हेतु निदेशित करने की कृपा की जाए।

ह0/–

उप सचिव–सह–भू–सम्पदा पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–भवन/भू-सम्पदा-09-कार्यालय(विकास भवन)-06/2021 पटना, दिनांकः–

**प्रतिलिपिः**–विशेष सचिव/संयुक्त सचिव/अभियंता प्रमुख–सह अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव/मुख्य अभियंता(विद्युत)/मुख्य अभियंता(पटना)/अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल/कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल सं0–03/कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल/पाटलिपुत्र भवन प्रमण्डल/पटना पश्चिम भवन प्रमण्डल, दानापुर/ कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–1 एवं 3, भवन निर्माण विभाग को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त बैठक में स्वयं/प्राधिकृत प्रतिनिधि भाग लेना सुनिश्चित किया जाए।

ह0/–

उप सचिव–सह–भू–सम्पदा पदाधिकारी।

ज्ञापांकः–भवन/भू-सम्पदा-09-कार्यालय(विकास भवन)-06/2021 9393/भ0 पटना, दिनांकः– 17/11/23

**प्रतिलिपिः**–सचिव के आप्त सचिव/आई0टी0मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप सचिव–सह–भू–सम्पदा पदाधिकारी।

D:/Seema/E-state Officer/New Letter2821